समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# थालड़का पंचायत मे पेयजल संकट को लेकर हनुमानगढ़ पहुंचे SE रिछपाल सिंह चारण, नए विद्युत कनेक्शन के दिए निर्देश।

Publisher

Published on 16 May 2025



## गांव मे पेयजल आपूर्ति बहाल करने के लिए विद्युत कनेक्शन जल्द मिलेगा, ट्रांसफॉर्मर और लाइन की समस्याओं पर भी हुई चर्चा।

**सवांदाता,हनुमानगढ़,राजस्थान**

**हनुमानगढ़,राजस्थान :** ग्राम पंचायत थालड़का में लंबे समय से चली आ रही पेयजल संकट की गंभीर समस्या को देखते हुए, हाल ही में जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के वरिष्ठ अभियंता (SE) रिछपाल सिंह चारण ने गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर स्थिति की गंभीरता को समझा।

स्थानीय नेता श्री सुशील जोशी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने SE साहब से मुलाकात कर नवीन विद्युत कनेक्शन की मांग की, जिससे गांव में पानी की सुचारू सप्लाई सुनिश्चित की जा सके। गर्मियों के मौसम में जल संकट और अधिक गहराने की आशंका है, ऐसे में यह कनेक्शन अत्यंत आवश्यक है।

SE रिछपाल सिंह जी ने स्थिति को गंभीर मानते हुए तत्काल प्रभाव से विद्युत कनेक्शन देने के निर्देश जारी किए। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्दी ही पेयजल आपूर्ति बहाल हो जाएगी।

**विद्युत समस्याओं पर भी हुआ मंथन**

गांव के दौरे के दौरान विद्युत विभाग से जुड़ी अन्य समस्याओं जैसे कि ट्रांसफॉर्मर की क्षमता, जर्जर विद्युत लाइनें और कम वोल्टेज

की दिक्कतों पर भी चर्चा हुई। SE साहब ने भरोसा दिलाया कि संबंधित विभाग द्वारा इन सभी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा।

स्थानीय युवाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं, विशेषकर BJYM के सुशील जोशी, रामेश गोडारा, और रविंद्र गोडारा ने प्रशासन को धन्यवाद दिया और कहा कि यह कदम ग्रामीणों के लिए राहतभरा साबित होगा।

## जनप्रतिनिधियों की सक्रियता से मिली राहत

इस पूरी पहल में लूणकरणसर विधायक सुमित गोडारा की भी भूमिका अहम रही। उन्होंने संबंधित विभागों से लगातार संपर्क बनाए रखा और सुनिश्चित किया कि ग्रामीणों की समस्याएं अधिकारियों तक पहुंचें और उनका त्वरित समाधान हो।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.